जनसंख्या नियंत्रण विश्व के सामने बड़ी चुनौती : अर्जुनराम मेघवाल

बीकानेर,(कासं)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को जिला उद्योग संघ सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण विश्व के सामने बड़ी चुनौती है, लेकिन जनसंख्या गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाना भी आज की मुख्य जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज विश्व की अधिकांश बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी भारतीय अथवा भारतीय मूल के हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आव्हान किया कि उपलब्ध संसाधनों का समान वितरण हो तथा मानव संसाधन का प्रबंधन श्रेष्ठ हो यह जरूरी है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों पर मानव के साथ जीव-जंतुओं के समान अधिकार की वकालात की।

पंचायत समिति बज्जू प्रधान समिति श्रीमती पप्पू देवी तेतरवाल ने स्वस्थ जनसंख्या में महिलाओं की भागीदारी विषय पर अपनी बात कही। स्वास्थ्य विभाग के बीकानेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चैधरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम की आवश्यकता, महत्व, वैश्विक परिदृश्य तथा समकालीन उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने जिले की प्रजनन दर 2 के करीब लाने के लिए सभी अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी व आशा सहयोगिनियों को बधाई दी। साथ ही अब तक की गतिविधियों के बारे में बताया। उप निदेशक बीकानेर जोन डॉ. राहुल हर्ष, पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ममता बिश्नोई, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, जिला क्षय रोग निवारण अधिकारी डॉ. सी. एस. मोदी, डॉ. नवल किशोर गुप्ता व डॉ. रमेश गुप्ता ने भी परिवार कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य तथा बिरजू उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम आयोजन प्रबंधन व सहयोग सहायक लेखाधिकारी अनिल आचार्य, सांख्यिकी अधिकारी नवनीत आचार्य, रामेश्वर लाल रंगा, भंवर सिंह देवड़ा, गोविंद चौधरी, अनिल सोनगरा आदि का रहा। इस अवसर पर डॉ सत्यप्रकाश आचार्य, गुमान सिंह राजपुरोहित, महावीर सिंह चारण, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक सीएमओ डॉ मुकेश मीणा, डॉ सुनील जैन, डॉ शिवराज, डॉ कैलाश गहलोत, डॉ कल्पना डांगी, डॉ मुकेश जनागल, डीपीएम सुशील कुमार, डैम राजेश सिंगोदिया, डीपीसी महेन्द्र सिंह चारण, रेनू बिस्सा, मनीष गोस्वामी, योगेश पवार, सुनील सेन सहित नर्सिंगकर्मी, आशा सहयोगिनियां व आमजन उपस्थित थे।

परिवार कल्याण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पंचायत समिति बज्जू की प्रधान पप्पू देवी तेतरवाल तथा ब्लॉक सीएमओ डॉ शिवराज को दो लाख रूपए का चैक, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उपलब्धि में पहले दो स्थान पर रही पंचायत समिति खाजूवाला तथा पूगल को गत वर्षों में सम्मानित होने के कारण सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत भीखनेरा, सुरजनसर, पलाना, बीकमपुर, रणधीसर, लालासर, सीलवा, 17 केवाईडी व 1 केएम के सरपंच व अस्पताल प्रभारी को तथा सीएससी छतरगढ़ व पीएचसी दंतोर के चिकित्सा अधिकारियों को 50-50 हजार रूपए के चैक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार कुल 7.5 लाख रूपए के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। व्यक्तिगत पुरस्कार योजना के अंतर्गत एएनएम मधु श्रीवास्तव, कविता, मुनेश कुमारी, मीराबाई, बबीता रानी, सुनीता कुमारी, सुमित्रा कस्वां व सुंदर देवी को सम्मानित किया गया।वहीं आशा सहयोगिनी अंजू चौधरी, संतोष देवी, सीमा शर्मा, कृष्णा कंवर, चंद्रकांता देवी व मंजू शर्मा को सम्मानित किया गया। गैर सरकारी संस्थानों में परिवार सेवा संस्थान स्त्री क्लीनिक, एफआरएचएस इंडिया, अंश ऐड पैरामेडिकल फाउंडेशन व बिश्नोई अस्पताल एवं प्रसूति गृह को सम्मानित किया गया।

विश्व जनसंख्या दिवस पर केन्द्रीय विधि व न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

■ सीएससी छतरगढ़ व पीएचसी दंतोर के चिकित्सा अधिकारियों को 50-50 हजार रूपए के चैक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

जानलेवा हमले के आरोपी भाईयों को 7 साल की सजा

बीकानेर,(कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 6 के पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने रास्ता रोककर पिता-पुत्र पर लाठियों से जानलेवा से जानलेवा हमला करने के दो आरोपी सगे भाईयों को सात साल के कारावास और प्रत्येक को 11-11 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

परिवादी भंवर सिंह ने 19 फरवरी, 2015 को कोलायत थाना पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि वह लाखासर रोड पर ढाणी में परिवार के साथ रहता है। एक किमी दूर आरोपी गजेन्द्र सिंह भी परिवार के साथ ढाणी में रहता है। आरोपी पिछले आठ-दस दिन से रात के समय टार्च से रोशनी डालकर परेशान कर रहा है और टैक्सी में गंदे गाने तेज आवाज में चलाता है।

इसकी शिकायत की और गांव में पंचायती हुई जहां उसने परिवार के साथ माफी मांगी। शाम को 4.30 बजे परिवादी अपने विकलांग बेटे कालूसिंह के साथ करणाराम की बाइक पर सवार होकर अपने खेत जा रहा था। लखासर रोड पर गजेन्द्र सिंह व अन्य लोग हथियारों से लैस होकर खड़े थे। आरोपियों ने बाइक रोक ली। गजेन्द्र सिंह व धूड़सिंह ने लाठियों से पिता-पुत्र पर हमला कर दिया जिससे दोनों के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद आरोपी गजेन्द्र सिंह व धूड़सिंह को दोषी माना।

सार-समाचार

तेरापंथ महिला मंडल का शपथ ग्रहण

तेरापंथ महिला मंडल गंगाशहर ने मुनि कमल कुमार के सानिध्य में शपथ ग्रहण की।

बीकानेर, (कासं)। तेरापंथ भवन में तपोमूर्ति उग्र विहारी मुनि कमल कुमार के सानिध्य में तेरापंथ महिला मंडल गंगाशहर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुनि कमल कुमार ने महिला जगत के लिए आचार्य तुलसी द्वारा प्रदत्त अवदानों का स्मरण करते हुए महिला मंडल की बहनों को अपने सामर्थ्य का विस्तार कर नया इतिहास गढ़ने का आव्हान किया। निर्वतमान अध्यक्ष संजू लालाणी ने वर्तमान अध्यक्ष प्रेम बोथरा व उनकी नव मनोनीत टीम व कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। इसी क्रम में मीनाक्षी आंचलिया तथा बिन्दु छाजेड़ ने उपाध्यक्ष, रेखा चौरडिया ने मंत्री, सुधा भरा ने कोषाध्यक्ष, सुप्रिया राखेचा व सुनीता पुगलिया ने सहमंत्री, ऋतु राखेचा ने संगठन मंत्री तथा सीमा बोथरा ने प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में शपथ ली। अध्यक्ष प्रेम बोथरा ने हेमा पारख व सुनीता डोसी को क्रमशः कन्या मंडल प्रभारी व सहप्रभारी मनोनीत किया। कन्या मंडल संयोजिका व सह संयोजिका के रूप में क्रमशः मुस्कान सिंघी व गरिमा भंसाली को नियुक्त किया गया। तेरापंथी सभा के मंत्री जतन लाल संचेती, आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान के किशन बैद, तेरापंथ महिला मंडल की निवर्तमान अध्यक्षा संजू लालाणी , तेयुप के मंत्री मांगीलाल बोथरा,अणुव्रत समिति के मंत्री कन्हैयालाल बोथरा व वरिष्ठ श्रावक लूणकरण छाजेड़ ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंत्री मीनाक्षी आंचलिया ने किया।

पेपर बैग बनाना सिखाया

महावीर इंटरनेशनल ने कार्यशाला में पेपर बैग बनाने के बारे में सिखाया।

बीकानेर, (कासं)। नेशनल पेपर बैग डे के उपलक्ष में पवनपुरी चैरिटेबल विद्यालय में महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर द्वारा कागज के बैग बनाना सिखाने पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष वीर टोडरमल चौपड़ा ने बच्चों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के नुकसान समझाएं व इसका उपयोग करने को मना किया। कार्यशाला में महक गुप्ता ने बच्चों को कागज से विभिन्न प्रकार के बैग बनाने सिखाए व साथ ही बच्चों को बताया कि पेपर बैग मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण में फैले कचरे को कम करना है। ताकि लोग प्लास्टिक के सामान का कम और पेपर से बने बैग का अधिक इस्तेमाल करें। चैरिटेबल विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बताया कि पेपर बैग प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए इको फ्रेंडली ऑप्शन भी है। प्लास्टिक को नष्ट होने में सालों लगते हैं और यह जीव जंतुओं के लिए भी नुकसानदेह है। समुद्र में प्लास्टिक का कचरा जमा होने से मछलियों व जल में रहने वाले अन्य जंतुओं की मृत्यु हो जाती है। केंद्र सचिव वीर चंद्र कुमार राखेचा ने कहा कि प्लास्टिक को जलाने से वायु प्रदूषण होता है। इसके स्थान पर पेपर बैग इस्तेमाल करने से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। गंगाशहर केन्द्र द्वारा सभी बच्चों को कपड़े के थैले, चिप्स बिस्किट जूस आदि वितरित किए गए। वीर बच्छराज रांका द्वारा कार्यक्रम में महावीर प्रवाह ई चौपाल विशेषांक का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेहा शर्मा, सृष्टि शेखावत, रुखसार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शराब ठेके पर लूट का आरोपी पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। लूणकरनसर के एक शराब ठेके से चालीस हजार रूपए की लूट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मई महीने में हुई इस लूट के बाद से पुलिस उसका पीछा कर रही थी। अब उसे बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। शिनाख्त परेड के बाद उसे अदालत में फिर से पेश किया जायेगा। 19 मई की रात जाखडवाला शराब ठेके में तीन चार अज्ञात लुटेरे शराब ठेके से 40 हजार 500 रुपये की लूट कर ले गये। इस घटना पर लूणकरनसर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। आरोपी की पहचान शाहनवाज उर्फ नवाजा पुत्र मोहम्मद रमजान के रूप में हुई। शाहनवाज चक 2 आर.आर. डब्लू नवां थाना हनुमानगढ जंक्शन का रहने वाला है। करीब दो महीने की मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

डेढ़ साल में 177 ईनामी अपराधी दबोचे, गोदारा के चार गुर्गे शामिल

बीकानेर, (कासं)। पुलिस ने पिछले डेढ़ साल में 177 इनामी हार्डकोर अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला जो आमजन और कानून-व्यवस्था के लिए तो खतरा बने थे। खुद पुलिस के लिए सिरदर्द थे। इनमें गैंगस्टर रोहित गोदारा के चार गुर्गे भी शामिल हैं।

विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे बीकानेर में भी सक्रिय रहे हैं। ये रोहित के लिए व्यवसायियों को धमकाने और रंगदारी वसूलने का काम करते हैं। पुलिस के लिए ऐसे अपराधी सिरदर्द हैं। इसलिए ऐसे लोगों की लिस्ट बनाई गई है और जो फरार हैं। उन पर लगातार निगरानी रखकर पकड़ा भी गया है।

पिछले डेढ़ सालों में 177 इनामी हार्डकोर अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाला गया। जिसमें रोहित गोदारा गैंग के गोपाल जाखड़, हरि कड़वासरा, करण पांडे और माधव पारीक शामिल हैं। वर्ष 2024 में 145 और इस साल अब तक 32 इनामी अपराधियों को पकड़कर जेल पहुंचाया गया है। इनमें एसपी आईजी की ओर से घोषित 2000 रूपए से लेकर 40,000 रूपए तक के इनामी अपराधी शामिल हैं जो हत्या, फिरौती, लूट, जानलेवा हमला, ठगी, जमीनों पर कब्जे जैसे बड़े अपराधों में शामिल रहे हैं।

इनामी अपराधियों को पकड़ने के लिए एसपी ऑफिस के साइबर सैल और जिला विशेष टीम को जिम्मा सौंपा गया। इनमें शामिल पुलिसकर्मियों ने फरार चल रहे अपराधियों का लगातार पीछा किया। उनकी लोकेशन ली और महीनों मशक्कत कर दूसरे राज्यों में जाकर भी धरपकड़ की। रोहित गोदारा का गुर्गा हथियार सप्लायर है। श्रीडूंगरगढ़ के व्यवसायी को रंगदारी के लिए धमकी मिली थी। सिलीगुडी में व्यवसायी की रैकी की थी। 40000 के इनामी को डीएसटी ने पकड़ा है।

प्रदीप भुवाल पांचू में साईसर निवासी राज्य स्तरीय वांटेड था। एनडीपीएस, हत्या जैसे संगीन अपराधों में शामिल रहा। आईजी ने 40000 का इनाम घोषित किया। पुलिस ने सालभर की कड़ी मेहनत से पकड़ा। हरि कड़वासरा, रोहित गोदारा का गुर्गा और पलाना निवासी जो देशनोक पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वर्ष, 2020 में हरियाणा के भिवानी में अवैध शराब के मामले में इसकी तलाश थी। मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र में वर्ष 20 23 में जमीन पर कब्जे के मामले में फरार था।

■ गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे बीकानेर में भी रंगदारी वसूलने का काम करते हैं

खेजड़ी काटने पर सोलर कंपनी का काम रूकवाया

बीकानेर, (कासं)। भानीपुरा गांव में सोलर कंपनी द्वारा काटी गई 428 खेजड़ी के विरोध में ग्रामीणों ने सोलर का काम रूकवा दिया।

आक्रोशित ग्रामीण कंपनी के ऑफिस के सामने ही शेरसिंह भाटी की अगुवाई में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। धरना स्थल पर पर्यावरण संघर्ष समिति खेजडला के संयोजक रामगोपाल बिश्नोई व प्रकृति केंद्रित जन आन्दोलन के केन्द्रीय संयोजक सज्जन कुमार ने आकर समर्थन दिया। बिश्नोई ने कहा कि लगातार संघर्ष के बावजूद भी सरकार अन्याय कर रही है। ऐसा अत्याचार तो तानाशाही सरकार भी नहीं करती। सज्जन कुमार ने कहा कि जनता को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। लम्बे संघर्ष की जरूरत है। धरने पर मूलसिंह भाटी, विशाल सिंह, इशारराम सरपंच प्रतिनिधि, भंवर सिंह, छेलूसिंह, नरपत सिंह आदि मौजूद थे।

बंद मकान से 70 लाख के गहने चोरी

बीकानेर, (कासं)। यहां मुरलीधर व्यास नगर थाना क्षेत्र में एक बार फिर बड़ी चोरी सामने आई है। एक घर से चोरों ने करीब 70 लाख रूपए के आभूषण चोरी कर लिए। मकान मालिक पुराने शहर में स्थित घर में रहता है। जबकि मुरलीधर व्यास कॉलोनी का घर खाली पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

गोपीनाथ भवन के पास रहने वाले अरुण लखोटिया ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उसके मुरलीधर व्यास नगर स्थित मकान में चोरी हुई है। 9 जुलाई की रात अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर चोरी की है। मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर घुसे इन चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर लिए। इसमें महिलाओं से जुड़े गहने ज्यादा थे, जो एक ही जगह रखे हुए थे। चोर सभी गहने लेकर फरार हो गए। एफ सेक्टर में 518 नंबर मकन में चोरी की ये घटना हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ व दस जुलाई के बीच की रात को चोरी हुई है। चोर दस तौले का फुल सैट, कान के आभूषण चार जोड़ी, अंगूठी छह नग, चैन दो नग, अंगूठी पुरूष दो नग, मुढिया चुड़ी चार नगर, माथे का बोर दो नग, कंगन एक नग, सोने का कड़ा चांदी का सामान भी ले गए। चांदी के सामान में प्याला, गिलास, पूजा की प्लेट, पायल की जोड़ी आदि सामान शामिल है। सभी की कीमत करीब 70 लाख रूपए आंकी गई है।

■ मकान मालिक पुराने शहर में स्थित घर में रहता है, जबकि मुरलीधर व्यास कॉलोनी का घर बंद पड़ा था

गंदे पानी की निकासी को लेकर विरोध प्रदर्शन

बीकानेर, (कासं)। वार्ड 26 की सवा लखी की तलाई इलाके में गंदा पानी जमा है। इसकी मांग को लेकर महिलाएं चार दिन पहले कलेक्ट्रेट पर भी प्रदर्शन कर चुकी हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

गुरूवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव डॉक्टर सीमा की अगुवाई में निगम में आयुक्त कार्यालय के आगे प्रदर्शन कर धरना लगाया गया। मांग के तहत गंदे नाले तथा सीवरेज की सफाई की मांग को लेकर उपायुक्त यशपाल आहूजा को ज्ञापन सौंपा। जनवादी महिला समिति की बांद्रा बास इकाई अध्यक्ष रमजानी ने कहा कि क्षेत्र में गंदे पानी भराव की समस्या नासूर बन चुकी है। खुले सीवरेज चैम्बर में गाय गिर गई। स्थानीय वाशिंदों ने बड़ी मशक्कत कर गाय को निकाला। टू व्हीलर पर सवार युवक भी उसके चपेट में आया। मोटरसाइकिल सीवरेज के अंदर फंस गई। गंदा पानी वाशिंदों के घरों में भर गया है। एक ही बरसात में नाले और सीवरेज ओवरफ्लो हो गए हैं। जिनको तुरंत अगर प्रशासन ने दुरूस्त नहीं किया तो फिर से नगर निगम को घेरा जायेगा। उपायुक्त यशपाल आहूजा ने समाधान का आश्वासन महिलाओं को दिया तब जाकर महिलाओं ने धरना स्थगित किया।

■ महिलाओं ने नगर निगम का घेराव का विरोध-प्रदर्शन किया

आई हॉस्पिटल में मरीज की जेब से 24000 रुपए निकाले

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल परिसर में मरीजों का सामान चोरी और जेब से रुपए गायब होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। मेडिकल कॉलेज रोड पर आई हॉस्पिटल पहुंचे मरीज की जेब कट गई जिससे 24000 रुपए निकल गए।

मुक्ताप्रसाद नगर निवासी मोहम्मद साबीर की ओर से व्यास कॉलोनी थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वह मेडिकल कॉलेज रोड पर आंखों के अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा था। सुबह करीब 10.30 बजे अस्पताल परिसर में उसकी जेब कट गई। जेब में 24000 रुपए थे जो अज्ञात शख्स निकाल ले गया।

बीकानेर समेत कई निगम ऐसे जहां एक भी पट्टा नहीं बना

बीकानेर, (कासं)। सरकार बदलते ही मौजूदा सरकार में पट्टों का काम लगभग बंद हो गया। सरकार बदलने से अब तक प्रदेश भर के निकायों में सिर्फ 25 प्रतिशत आवेदनों का ही निस्तारण हुआ।

अब तक 162682 आवेदन जमा हुए। इसमें से मंजूर 41038 हुए। यानी सिर्फ प्रतिशत 25 पट्टों का काम हुआ। हैरानी की बात ये है कि 122544 आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं। बीकानेर, उदयपुर और जोधपुर नॉर्थ नगर निगम ऐसे हैं जिन्होंने एक भी पट्टा नहीं बनाया। कुछ निगमों से कहीं एक तो कहीं 6 पट्टे बने।

प्रदेश के 13 नगर निगमों में 38802 आवेदन जमा हुए। 9065 आवेदन पर ही काम हुआ। यानी सिर्फ 23 प्रतिशत पट्टे बने। सबसे ज्यादा सी.एम. भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर में 52 पट्टे बने। नगर परिषदों में 65186 आवेदन जमा हुए। 17943 मंजूर हुए। यानी यहां 27 प्रतिशत काम हुआ।

नगर पालिकाओं में 58694 आवेदन जमा हुए। 13130 पट्टे बने। यानी सिर्फ 22 प्रतिशत लोगों का काम हुआ। पट्टा बनाने में बीकानेर नगर निगम तो फिसड्डी है ही साथ ही नोखा नगर पालिका के भी प्रदेश भर की निकायों में से सबसे बुरे हालात हैं। नोखा में 2378 आवेदन आए। 245 पट्टे बने। अभी 2122 आवेदन पेंडिंग हैं। जो आदेश नोखा के लिए वही झुंझुनूं के लिए। फिर झुंझुनूं ने 69 प्रतिशत पट्टे कैसे बना दिए। बीकानेर नगर निगम में 419 आवेदन पेंडिंग हैं मगर एक भी पट्टा जारी नहीं हुआ।

मयंक मनीष, आयुक्त नगर निगम बीकानेर का कहना है कि 31 मार्च 2024 तक पैसे जमा हैं तो अगस्त तक पट्टे जारी कर देंगे। मार्गदर्शन मांगा है कि हम पट्टा जारी कर सकते हैं या नहीं। अगर हां आ जायेगी तो मुझे पट्टा देने में कोई दिक्कत नहीं है।

■ सबसे ज्यादा सी.एम. के गृह जिले भरतपुर में 52 पट्टे बने

गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में नेत्र ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण

बीकानेर,(कासं)। गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में नेत्र चिकित्सा ऑपरेशन थिएटर का नवीनीकरण और साज-सज्जा कार्य गंगाशहर नागरिक परिषद् कोलकाता द्वारा संपन्न कर इसे अस्पताल प्रशासन को भव्य समारोह के बीच सुपुर्द किया गया।

परिषद् के सक्रिय कार्यकर्ता सम्पतलाल दुगड़ ने इस अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर की चाबी सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि और नेत्र विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव सहगल को विधिवत सौंप दी। थिएटर का लोकार्पण डॉ. सोनी, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सुराणा, मेघराज बोथरा सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नेत्र जांच के लिए आधुनिक टॉपकॉन कंपनी का सिल्ट लैम्प भी महेन्द्र चौपड़ा के कर-कमलों से नेत्र विभाग को भेंट किया गया। गंगाशहर नागरिक परिषद् के जतनलाल दुगड़ ने जानकारी दी कि ऑपरेशन थिएटर, ब्लॉक रूम और वेटिंग एरिया का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया गया है। यह सेवा कार्य स्व. केशरीचंद सुरजादेवी सेठिया की स्मृति में उनके परिजनों निर्मल कुमार एवं नितेश सेठिया (गंगाशहर निवासी, अहमदाबाद प्रवासी) के सौजन्य से तथा सिल्ट लैम्प कोलकाता प्रवासी संजय चौपड़ा (पुत्र श्रीचंद चौपड़ा) के सहयोग से संपन्न हुआ।

कोलकाता परिषद् के अध्यक्ष प्रदीप चौपड़ा एवं मंत्री मनीष सेठिया ने समर्पित सौजन्य दाताओं का हृदय से आभार जताया और परिषद् की सेवा भावना को रेखांकित किया। बच्छराज रांका ने जानकारी दी कि अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। डॉ. सोनी सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने नेत्र वार्ड व अस्पताल परिसर का अवलोकन किया।

परिषद के प्रयासों की सराहना की। डॉ. गुंजन सोनी ने परिषद् के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि अस्पताल में विकास कार्यों की गति संतोषजनक है, और शीघ्र ही यहां 24 घंटे प्रसूति सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने कहा कि ईएनटी, चर्म एवं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों की उपलब्धता और हो जाए से रोगियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं।

उन्होंने कहा कि रेडियोलॉजिस्ट की भी सप्ताह के सातों दिन उपस्थिति की आवश्यकता है। डॉ. संजीव सहगल ने कहा कि नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर और आधुनिक उपकरणों से नेत्र विभाग की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने गंगाशहर नागरिक परिषद को धन्यवाद दिया।

गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में नेत्र ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी व शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने किया।

■ दानदाताओं का माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया

मानसून में सीवरेज के नए काम बंद

बीकानेर, (कासं)। मानसून सीजन में अमृत-2 के तहत चल रहे नए कामों पर रोक लगा दी गई है। अब सिर्फ पहले से चल रहे एक दो काम ही चलेंगे। पुराने कामों में जहां गड्ढे हो चुके है उनको भरकर पैचवर्क करने को कहा गया है।

दरअसल मानसून से पहले जहां काम चल रहा था और पूरा हो गया। उसके बाद सारे काम रोकने के लिए कहा गया है। मानसून सीजन में गड्ढे खोदने से रिस्क फैक्टर ज्यादा होगा। इसलिए सारे काम रोकने को कहा गया मगर जो काम चल रहे हैं उनको पूरा करने के लिए कहा। क्योंकि चलते कामों को छोड़ने का मतलब कि गड्ढे खुदे हुए बने रहेंगे।ऐसे में रनिंग कामों को पूरा करते रहना ठीक होगा। दीनदयाल सर्किल से करणीनगर की ओर जाने वाली रोड के एक साइड में सीवरेज लाइन डाली जा रही है। पूरी सड़क खुदी हुई है। पूरे मानसून सड़क खुदी पड़ी रहेगी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4207 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.7.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्री रमनदीप पिसरान श्री बग्गुराम अकवास निवासी चक 3 ई छोटी, एसएसबी रोड़, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण	
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 7/8 किला नं. 24 में माप 25x50 फीट भू.सं. बी-29, अशोक नगर बी	आवासीय नियमन पट्टा स. 7033 दि. 5.6.2009 को श्री बग्गु राम पुत्र श्री सदासुख के नाम जारी है।	श्री बग्गु राम की मृत्यु दिनांक 20.10.2015 को हो चुकी है।	श्री बग्गु राम की मृत्यु उपरांत श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्री रमनदीप द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11.05.2011 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्री रमनदीप पिसरान श्री बग्गुराम अकवास निवासी चक 3 ई छोटी, एसएसबी रोड़, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/436
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4205 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.7.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वीरपाल कौर पत्नी श्री अमनप्रीत सिंह निवासी 2-जी-37, जवाहर नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 4 में भूखंड माप 14.5x50 फीट भू.सं. आरपी-113 पार्ट बी	आवासीय नियमन पट्टा स. 2498 दिनांक 05.02.2013 को श्री सुदेश कुमार पुत्र श्रीराम के नाम से जारी है। जो आज की तिथि में दर्ज है।	श्री सुदेश कुमार की मृत्यु दिनांक 10.5.2018 को हो चुकी है।	1. प्रदीप कुमार - पुत्र 2. सरोज - पुत्री 3. वीना रानी - पुत्री 4. पवन कुमार - पुत्र 5. राजेश कुमार - पुत्र	श्री सुदेश कुमार की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा बैयानामा दिनांक 06.03.2025 को श्रीमती वीरपाल कौर को विक्रय किया गया। वर्तमान में श्रीमती वीरपाल कौर द्वारा दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड को अपने से नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती वीरपाल कौर पत्नी श्री अमनप्रीत सिंह निवासी 2-जी-37, जवाहर